राधे राधे गाने वाले आ गए

सोने वाले जागो जगाने वाले आ गए,
राधे राधे राधे राधे गाने वाले आ गए,
सोने वाले जागो जगाने वाले आ गए....

मंदिरों की घंटी तुमने बहुत बजाई,
अब मन की घंटी बजाने वाले आ गए,
सोने वाले जागो जगाने वाले आ गए,
राधे राधे राधे राधे गाने वाले आ गए.....

हाथों से माला तुमने बहुत ही फेरी,
तुलसी के माला तुमने बहुत ही फेरी,
अब सांसो की माला फिराने वाले आ गए,
सोने वाले जागो जगाने वाले आ गए,
राधे राधे राधे राधे गाने वाले आ गए.....

मंदिरों में दीपक तुमने बहुत जलाए,
अब मन का दीपक जलाने वाले आ गए,
सोने वाले जागो जगाने वाले आ गए,
राधे राधे राधे राधे गाने वाले आ गए.....

फूलों के हार तुमने बहुत चढ़ाए,
अब मन का कमल खिलाने वाले आ गए,
सोने वाले जागो जगाने वाले आ गए,
राधे राधे राधे राधे गाने वाले आ गए.....

वेद शास्त्र तुमने बहुत पढ़ें हैं,
अब गीता का ज्ञान सुनाने वाले आ गए,
सोने वाले जागो जगाने वाले आ गए,
राधे राधे राधे राधे गाने वाले आ गए.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/29249/title/radhe-radhe-gaane-wale-aa-gaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |